Hindi Classes

Name ……………   Date………………

पाठ-7

गद्यांश को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

रानो एक मछली है। वह बगीचे के तालाब में रहती है। शाम को बहुत सारे बच्चे बगीचे में खेलने आते हैं। बच्चों के खेलने की आवाज़ रानो को बहुत अच्छी लगती है। उस बगीचे में दो भाई भी खेलने आते हैं। वे एक कुत्ते के साथ गेंद से खेलते हैं। खेलते-खेलते जब कभी-कभी गेंद तालाब में गिरती है तो रानो बहुत डर जाती है।

रानो कहाँ रहती है?

रानो ……………………………………………………रहती है।

रानो को किसकी आवाज़ अच्छी लगती है?

रानो को …………………………………………की आवाज अच्छी लगती है।

बगीचे में दोनों भाई किसके साथ खेलते हैं?

बगीचे में दोनों भाई ………………………………………के साथ खेलते हैं।

रानो क्यों डर जाती है?

रानो डर जाती है जब ………………………………………………………

………………………………………………………………………………

Hindi Classes

'मेरी /मेरा / मेरे' में से सही शब्द चुनकर खाली स्थानों में लिखिए।

यह .... डिब्बा है। यह .... गेंद है। ये .... जूते हैं।

ये .... बाल हैं। यह .... घड़ी है। यह .... घर है।

यह .... स्कूल है। यह .... कक्षा है। ये .... दोस्त हैं।

'उसका/ उसकी /उसके' में से सही शब्द चुनकर खाली स्थानों में लिखिए।

यह राम है। यह .... स्कूल है। .... स्कूल बहुत बड़ा है।

.... स्कूल में 500 बच्चे हैं। राम दूसरी कक्षा में पढ़ता है। .... कक्षा में 35 छात्र-छात्राएँ हैं। .... कक्षा-अध्यापिका बच्चों को बहुत प्यार करती हैं। जब भी राम को कोई प्रश्न कठिन लगता है, वे .... मदद करती हैं। राम कक्षा में मन लगाकर पढ़ता है। सभी अध्यापिकाएँ राम से खुश रहती हैं और .... प्रशंसा करती हैं।

'अपना /अपनी /अपने' में से सही शब्द चुनकर खाली स्थानों में लिखिए।

रीमा पाँचवीं कक्षा में पढ़ती है। एक दिन जब वह स्कूल के लिए निकली, उसने .... माँ को बताया कि आज वह देर से घर आएगी। जब वह .... स्कूल पहुँची तो घंटी बज गई। वह जल्दी से .... कक्षा में गई और .... बस्ता मेज़ पर रखा। फिर उसने .... किताबें निकालीं।

Hindi Classes